प्रादेशिक समाचार
दिनांक–18.08.2024 (दोपहर–1455 बजे)

कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले को लेकर देशभर के चिकित्सक और चिकित्साकर्मी आंदोलनरत हैं। आईएमए के आह्वान पर कल देशभर के डॉक्टरों ने 24 घंटे का कार्य बहिष्कार भी किया। इधर आईएमए ने इस मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर हस्तक्षेप का आग्रह किया है। संघ ने कहा है कि अस्पताल में दुष्कर्म मामले की जांच निश्चित समय–सीमा के भीतर पूरी की जानी चाहिए और पीड़ित पक्ष को शीघ्रता से न्याय मिलना चाहिए। संघ ने पीड़िता के परिवार के लिए उचित मुआवजे की भी मांग की ळें

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज संताल परगना के दौरे पर हैं। इस क्रम में वे विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। पाकुड़ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वे झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभार्थियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से राशि हस्तांतरित करेंगे। साथ ही कई सौगात देंगे और परिसंपत्तियों का भी वितरण करेंगे।

****

जनजातीय कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव बीएन प्रसाद ने गुमला जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जिले के विज्ञान केन्द्र, सावित्रीबाई पुस्तकालय, रागी प्रोसेसिंग सेंटर और मिलेट कैफे का दौरा किया। इस क्रम में वे व्यवस्थाओं को देखकर काफी संतुष्ट हुए और बेहतर कार्यों के लिए जिला प्रशासन की सराहना की। इस मौके पर जिले के उपायुक्त समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

****

जेएसएससी झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के आयोजन के लिए राज्य के सभी जिलों में कुल 750 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। 21 और 22 अगस्त को होने वाली इस परीक्षा में लगभग साढ़े छह लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे।

****

रांची विश्वविद्यालय के अंगीभूत कॉलेजों में इंटर में दाखिले के लिए 24 अगस्त से पोर्टल खुलेगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा विश्वविद्यालय में हंगामे के बाद कुलपति के आदेश से रजिस्ट्रार ने दाखिले हेतु पोर्टल खोलने से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है।

****

गिरिडीह जिले में प्लस पोलियो अभियान की सफलता के लिए तैयारी शुरू कर दी गयी है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता––

****

हजारीबाग के कटकमसांडी थाना क्षेत्र के जलमा में सड़क दुर्घटना में शिक्षक की मौत हो गई। वहीं उसके पुत्र और उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

****

राज्य के पहलवान चंदन यादव ने अंडर–23 सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर झारखंड का मान बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता हरियाणा के रोहतक में आयोजित हुई। इस दौरान चंदन यादव ने बेहतर दांव–पेंच दिखाते हुए 74 किलोग्राम फ्री स्टाइल में रजत पदक जीता।

****

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र के प्रभाव से राज्य के कई इलाकों में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिकों ने बताया है कि राज्य के दक्षिणी और उससे सटे भागों में आज भारी से बहुत भारी बारिश भी हो सकती है, जिसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के उत्तर पश्चिमी, उत्तर मध्य और उससे सटे मध्य भागों में भी भारी बारिश हो सकती है, जिसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। 19 और 20 अगस्त को भी राज्य के पश्चिमी हिस्सों में भारी बारिश के आसार हैं।

****

बिहार झारखंड की सीमा से सटे कोडरमा के मेघातरी पंचायत के कुसहना में चेक डैम के टूट जाने से अचानक गांव में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। गांव में आए अचानक पानी के सैलाब में कई मवेशी बह गए, जबकि कई घरों को पानी के सैलाब ने नुकसान पहुंचा है। चार वर्ष पहले कुसहना गांव के बाहर वन विभाग की ओर से चेक डैम का निर्माण कराया गया था। यह चेक डैम ऐसी जगह पर बनाया गया था, जहां पहाड़ी क्षेत्र से बारिश का पानी जमा होता था।

******समाप्त******